# उत्तर पश्चिम रेलवे

**रेलवे भर्ती कक्ष,**
**बिल्डिंग नं.–04, द्वितीय तल,**
**केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,**
**द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,**
**रेलवे स्टेशन, जयपुर–302006**

No. 740ई/आरआरसी/स्पोर्ट्स रिक्रूटमेंट(खुला विज्ञापन)/2025–26/भाग–1 दिनांक 18.02.2026

## अधिसूचना

**सर्व संबंधित को सूचनार्थ,**

**विषयः**– खेलकूद कोटा (खुला विज्ञापन) 2025–26 के अन्तर्गत प्रधान कार्यालय हेतु ट्रायल के संबंध में।

**संदर्भ** :–1. इस कार्यालय द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना संख्या 01/2025 दिनांक 30.06.2025

2\. इस कार्यालय का सम्संख्यक पत्र दिनांक 09.01.2026।

*****

उत्तर पश्चिम रेलवे पर खुले विज्ञापन के तहत खेलकूद कोटा 2025–26 में भर्ती हेतु प्रधान कार्यालय स्तर पर अधिसूचित कुल 31 पदों (पे लेवल 4/5 – 05 रिक्तियां, पे लेवल 2/3 – 16 रिक्तियां एवं पे लेवल 1 – 10 रिक्तया) पर खिलाड़ियों की भर्ती हेतु दिनांक 30.06.2025 को अधिसूचना जारी की गई थी।

उक्त अधिसूचना के तहत प्रोविजनली पात्र एवं अपात्र पाए गए आवेदनों की सूची दिनांक 25.11.2025 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट rrcjaipur.in के माध्यम से सर्वसंबंधित को प्रसारित की गई।

उपरोक्त की निरन्तरता में लेख है की प्रधान कार्यालय स्तर पर रिक्तियों के विरूद्व ट्रायल की तिथि एवं स्थान की सूचना रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर दिनांक 17.12.2025 को अपलोड की गई थी।

दिनांक 12.01.2026 को Golf के लिए होने वाली ट्रायल के अपरिहार्य कारणों से स्थगित होने के संबंध में इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्र 2 के माध्यम से सर्वसंबंधित को अवगत करवाया गया था।

उक्त ट्रायल के सम्बन्ध में अवगत कराया जाता है कि **Golf का ट्रायल दिनांक 06.03.2026 को करवाया जाना सुनिश्चित किया गया है।** बाकी नियम/शर्तें यथावत रहेंगी। साथ ही सर्व संबंधित को अवगत कराया जाता है कि बुलावा पत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, अतः वे पूर्व में जारी किये गये बुलावा पत्र के साथ ही ट्रायल में उपस्थित होवें।

किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट rrcjaipur.in का नियमित अवलोकन करते रहे।

.....sd.......
**सहायक कार्मिक अधिकारी**
**(कृते अध्यक्ष, रेलवे भर्ती कक्ष)**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**